प्र–284. नवपाषाणयुग में पुरास्थलों में किस प्रकार के बर्तन मिले हैं–

(A) लोहे के (B) काँस्य के

(C) मिट्टी के (D) काँच के

प्र–285. मेहरगढ़ में बस्ती का आरम्भ लगभग कब हुआ–

(A) 10000 साल पहले

(B) 9000 साल पहले

(C) 8000 साल पहले

(D) 7000 साल पहले

प्र–286. विशाल स्नानागार कहाँ मिले हैं?

(A) मोहन जोदड़ो (B) लोथल

(C) कालीबंगा (D) हड़प्पा

प्र–287. अग्निकुण्ड कहाँ–कहाँ मिले है?

(A) कालीबंगा और लोथल

(B) मोहनजोदड़ो, हड़प्पा

(C) चन्हूदड़ों और गंवेरीवाला

(D) धौलावीरा, सुरकोतड़ा

प्र–288. हड़प्पा सभ्यता के लोगों द्वारा बनाई गई पत्थरों की मुहरों पर सामान्यत: किसके चित्र मिलते हैं?

(A) जानवरों के चित्र

(B) आभूषणों के चित्र

(C) राजाओं के चित्र

(D) पेड़ पौधों के चित्र

प्र–289. निम्नलिखित में से किसे कृत्रिम रूप से बनाया जाता है–

(A) पत्थर (B) शंख

(C) बालू (D) फेयन्स

प्र–290. निम्नलिखित में से कौन ऋग्वेद में वर्णित देवता नहीं है–

(A) वरुण (B) इन्द्र

(C) अग्नि (D) शिव

प्र–291. ऋग्वेद की एक पाण्डुलिपि जो भूर्ज वृक्ष की छाल पर लिखी गई थी वह कहाँ पाई गई थी–

(A) कश्मीर (B) गुजरात

(C) मध्यप्रदेश (D) महाराष्ट्र

प्र–292. ऋग्वैदिक पुरोहित का क्या कार्य था–

(A) यज्ञ तथा अनुष्ठान करवाना

(B) समाज में व्यवस्था स्थापित करना

(C) मृतकों को दफनाना

(D) कृषि कार्य करना

प्र–293. चरक थे, एक प्रसिद्ध?

(A) ऋषि (B) वैद्य

(C) राजा (D) दार्शनिक

प्र–294. चरक ने कौन सी पुस्तक लिखी?

(A) चरक दर्शन (B) चरक संहिता

(C) चरकांक (D) सुश्रुत संहिता

प्र–295. तमिल, तेलगू, कन्नड़ तथा मलयालम किस भाषा परिवार की भाषाएँ है?

(A) भारत–यूरोपीय (B) द्रविड़

(C) ऑस्ट्रो–एशियाटिक (D) भारोपीय

प्र–296. ऋग्वैदिक काल में घोड़ों को किस काम में लाया जाता था?

(A) लड़ाई में रथ खींचने के लिए

(B) घुड़सवारी के लिए

(C) पोलो खेलने के लिए

(D) सामान ढोने के लिए

प्र–297. ऋग्वेद की प्रार्थनाओं की रचना करने वाले लोग क्या कहलाते थे?

(A) पुरु (B) आर्य

(C) भरत (D) द्रविड़

प्र–298. ऋग्वेद के कुछ सूक्त वार्तालाप के रूप में विश्वामित्र ऋषि ने किन दो नदियों का उल्लेख किया है?

(A) व्यास और सतलुज

(B) कृष्णा और कावेरी

(C) गंगा और यमुना

(D) नर्मदा और ब्रहमपुत्र

प्र–299. जनपद का शाब्दिक अर्थ क्या है?

(A) कृषक का स्थान

(B) जन के बसने की जगह

(C) लोगों की पदवी

(D) नगर का शासक

प्र–300. महाजनपदों का उदय कब हुआ?

(A) लगभग 2000 साल पहले

(B) लगभग 2500 साल पहले

(C) लगभग 3500 साल पहले

(D) लगभग 4000 साल पहले

प्र–301. अजातशत्रु कहाँ का एक शक्तिशाली राजा था?

(A) अवन्तिका (B) कौशल का

(C) मगध का (D) वज्जि संघ का

प्र–302. कौन सी दो नदियाँ मगध से होकर बहती थी?

(A) गंगा ओर सोन

(B) व्यास और सतलुज

(C) नर्मदा और ताप्ती

(D) गंडक और कोसी

प्र–303. सिकंदर कहाँ का राजा था?

(A) मैसापोटामिया का (B) मैसिडोनिया का

(C) ईरान का (D) वियतनाम का

प्र–304. सिकंदर ने भारत पर आक्रमण कब किया था?

(A) लगभग 1500 साल पहले

(B) लगभग 2300 साल पहले

(C) लगभग 2000 साल पहले

(D) लगभग 2800 साल पहले

प्र–305. कौशाम्बी किले की दीवार आधुनिक उत्तरप्रदेश के किस शहर के पास मिली?

(A) इलाहाबाद (B) लखनऊ

(C) कानपुर (D) गोरखपुर

प्र–306. महात्मा बुद्ध ने अपनी शिक्षा सामान्य लोगों को किस भाषा में दी?

(A) अवधी (B) पाली

(C) प्राकृत (D) ब्राह्मी

प्र–307. संस्कृत भाषा के व्याकरण की रचना करने वाले महान व्यक्ति कौन थे?

(A) अश्वघोष (B) पाणिनी

(C) वराहमिहिर (D) शंकराचार्य

प्र–308. बोधगया नामक स्थान किस राज्य में है?

(A) उत्तर प्रदेश (B) हिमाचल प्रदेश

(C) बिहार (D) झारखण्ड

प्र–309. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?

(A) सिद्धार्थ (B) नरेन्द्रनाथ

(C) कबीरदास (D) रामदास

प्र–310. महात्मा बुद्ध को निर्वाण कहाँ प्राप्त हुआ?

(A) वाराणसी (B) सॉची

(C) बोधगया (D) कुशीनगर

प्र–311. जैन धर्म का प्रमुख शिक्षा स्थल वल्लभी किस राज्य में है?

(A) गुजरात (B) पंजाब

(C) राजस्थान (D) उड़ीसा

प्र–312. भारतीय दर्शन को कितनी शाखाओं में बाँटा गया है?

(A) छः (B) सात

(C) आठ (D) चार

प्र–313. बौद्ध भिक्षुओं के लिए बनाए गए नियम किस ग्रन्थ में मिलते हैं

(A) विनयपिटक (B) अभिधम्म पिटक

(C) सुत्त पिटक (D) वामसाथपाकसिनी

प्र–314. वर्तमान में कलिंग किस राज्य में स्थित है?

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्यप्रदेश

(C) उड़ीसा (D) महाराष्ट्र

प्र–315. निम्नलिखित में से अर्थशास्त्र के रचनाकार कौन थे?

(A) चाणक्य (B) वेद व्यास

(C) आर्यभट्ट (D) पाणिनी

प्र–316. मौर्यकाल में दक्षिण भारत किसलिए प्रसिद्ध था?

(A) सोने और कीमती पत्थरों के लिए

(B) वस्त्र और मसाले के लिए

(C) शिक्षा और दर्शन के लिए

(D) औजारों और मूर्तियों के लिए

प्र–317. चन्द्रगुप्त मौर्य के समय किस यूनानी राजा का राजदूत भारत आया?

(A) सेल्यूकस (B) पोरस

(C) हिटलर (D) लेनिन

प्र–318. रुपयों और पैसों पर जो चार शेरों वाला राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न है वह कहाँ से लिया गया है?

(A) सारनाथ (B) साँची

(C) बिहार (D) उड़ीसा

प्र–319. सम्राट अशोक किस वंश का प्रसिद्ध शासक था?

(A) चंदेल वंश (B) मौर्यवंश

(C) शुंग वंश (D) चालुक्य वंश

प्र–320. 'एरेटाइन' जैसे मुहर लगे लाल–चमकदार बर्तन कहाँ मिले हैं?

(A) पाण्डिचेरी (पुण्डुचेरी)

(B) कर्नाटक

(C) उड़ीसा

(D) तमिलनाडु

प्र–321. रोमन साम्राज्य में काला सोना के नाम से कौन सी वस्तु प्रसिद्ध है?

(A) कालीमिर्च (B) लौंग

(C) दालचीनी (D) इलायची

प्र–322. सिल्क रूट (रेशममार्ग) पर नियंत्रण रखने वाले शासकों में कौन प्रमुख था?

(A) कुषाण (B) चन्द्रगुप्त

(C) शक (D) हूण

प्र–323. समुद्रगुप्त के बारे में अशोक स्तम्भ पर खुदे अभिलेख से जानकारी प्राप्त होती है वह कहाँ स्थित है?

(A) इलाहाबाद (B) वाराणसी

(C) साँची (D) बिहार

प्र–324. रेशम बनाने की तकनीक का अविष्कार किस देश ने किया–

(A) चीन (B) रूस
(C) मिस्र (D) इंग्लैण्ड

प्र–325. कवि अश्वघोष जिन्होंने बुद्ध की जीवनी लिखी थी वे किस के दरबारी थे?
(A) कनिष्क (B) चन्द्रगुप्त
(C) अशोक (D) अकबर

प्र–326. प्राचीनकाल में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र कहाँ था?
(A) तक्षशिला (B) उज्जैन
(C) नालंदा (D) वाराणसी

प्र–327. हर्षचरित किसकी रचना थी?
(A) कालिदास (B) बाणभट्ट
(C) वराहमिहिर (D) पाणिनी

प्र–328. विक्रम संवत् और ईसवी सन् में कितने वर्ष का अन्तर है?
(A) 57 वर्ष (B) 59 वर्ष
(C) 54 वर्ष (D) 60 वर्ष

प्र–329. चन्द्रगुप्त द्वितीय के दरबारी कवि कौन थे?
(A) कालिदास (B) तुलसीदास
(C) कबीरदास (D) रहीम

प्र–330. चन्द्रगुप्त द्वितीय ने कौन सी पदवी धारण की थी?
(A) महाराजाधिराज (B) विक्रमादित्य
(C) महाराजा (D) राजाधिराज

प्र–331. गुप्त वंश का प्रथम शासक कौन था?
(A) समुद्रगुप्त (B) चन्द्रगुप्त
(C) कुमार गुप्त (D) विष्णुगुप्त

प्र–332. अभिज्ञान–शाकुन्तलम् किस कवि की रचना है?
(A) कालिदास (B) बाणभट्ट
(C) आर्यभट्ट (D) भवभूति

प्र–333. शिल्पकारी की कुशलता का एक अद्भुत उदाहरण कुतुबमीनार लौह स्तम्भ कहाँ स्थित है–
(A) आगरा (B) दिल्ली
(C) झाँसी (D) बनारस

प्र–334. धातु–मंजूषा किसे कहते हैं?
(A) जहाँ कीमती पत्थर अथवा सिक्के रखे जाते हैं
(B) औजार व हथियार रखे जाते हैं
(C) मूर्तियाँ व बर्तन रखे जाते हैं
(D) आभूषण व चित्र रखे जाते हैं

प्र–335. पुरुवंश की राजधानी क्या थी?
(A) हस्तिनापुर (B) अयोध्या
(C) प्रयाग (D) कुरुक्षेत्र

प्र–336.संस्कृत रामायण के रचियता का नाम क्या था?
(A) कालिदास (B) वाल्मीकि
(C) वेदव्यास (D) विश्वामित्र

प्र–337.भारत का राष्ट्रीय संग्रहालय कहाँ स्थित है?
(A) नई दिल्ली (B) गुजरात
(C) चण्डीगढ़ (D) उड़ीसा

प्र–338.आर्यभट्टीय पुस्तक के लेखक कौन है?
(A) वराहमिहिर (B) आर्यभट्ट
(C) भास्कराचार्य (D) ब्रहमगुप्त

प्र–339. किस देश के निवासी शून्य का प्रयोग किए बगैर गिनती करते थे?
(A) रोम (B) इटली
(C) फ्रांस (D) अमेरिका

प्र–340. तमिल भाषा में रामायण के रचनाकार कौन है?
(A) कंबन (B) तुसलीदास
(C) वाल्मीकि (D) कालिदास

प्र–341. निम्नलिखित महाकाव्यों में से कौन सा तमिल महाकाव्य नहीं है?
(A) सिलप्पदिकारकम (B) मणिमेखलई
(C) महाभारत (D) चिन्तामणि

**अध्याय–1 विविधता की समझ**

प्र–342. केरल के अधिकतर लोग क्या खाते हैं–
(A) चावल (B) मछली
(C) सब्जी (D) उपरोक्त सभी

प्र–343. निम्न में से विविधता के पहलू कौन–कौन से है?

(A) खान-पान (B) धर्म व भाषा

(C)पहनावा (D) उपरोक्त सभी

प्र-344. हमारे देश में किस प्रकार की विविधता पाई जाती है?

(A) रंग-रूप (B) खान-पान

(C) भाषा (D) उपरोक्त सभी

प्र-345. ''पहाड़ियों में बसा रेगिस्तानी इलाका, वर्षा न के बराबर होना, लंबे समय तक बर्फ से ढंका रहता है'' उक्त कथन किस स्थान को परिभाषित करता है?

(A) केरल (B) लद्दाख

(C) अहमदाबाद (D) अमृतसर

प्र-346. लद्दाख है-

(A) केन्द्रशासित प्रदेश(B) जिला

(C) राजधानी (D) राज्य

प्र-347. कश्मीर की किस ऊन की बनी शालें विश्व प्रसिद्ध है?

(A) पश्मीना (B) मेरिनो

(C) कालीनी (D) इनमें से कोई नहीं

प्र-348. विभिन्न भाषा, रंग, वर्ग के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं तब उसे कहते हैं?

(A) असमानता की भावना

(B) विविधता में एकता

(C) एकता की भावना

(D) उपरोक्त सभी

**अध्याय -2 विविधता एवं भेदभाव**

प्र-349. जो हम सभी लोगों को एक छवि में बाँध देते हैं उसे कहते हैं?

(A) रूढ़िवादी धारणा (B) पूर्वाग्रह

(C) अनुमान (D) उपरोक्त सभी

प्र-350. भारत की अधिकतर आबादी कहाँ रहती है?

(A) शहरों में (B) महलों में

(C) गाँवों में (D) पहाड़ों में

प्र-351. भारत कब स्वतंत्र हुआ?

(A) 1946 (B) 1947

(C) 1948 (D) 1950

प्र-352. केरल के स्कूलों में महिला शिक्षक कितने प्रतिशत है-

(A) 20 प्रतिशत (B) 40 प्रतिशत

(C) 60 प्रतिशत (D) 50 प्रतिशत

प्र-353. डॉ. भीमराव अंबेडकर को कहा जाता है-

(A) राष्ट्रपिता

(B) संविधान के जनक

(C) लौह पुरुष

(D) लोकमान्य

प्र-354. भारतीय संविधान की विशेषता नहीं है-

(A) धर्म निरपेक्षता (B) सम्प्रभुता

(C) समानता (D) भेदभाव

प्र-355. भारतीय संविधान कब लागू हुआ-

(A) 26 जनवरी 1950 (B) 15 अगस्त 1947

(C) 26 फरवरी 1949 (D) 3 जनवरी 1977

**अध्याय-3 सरकार क्या है?**

प्र-356. हर देश को विभिन्न निर्णय लेने एवं काम करने के लिए किसकी जरूरत होती है-

(A) सरकार (B) निर्वाचन आयोग

(C) जल आयोग (D) इनमें से कोई नहीं

प्र-357. सरकार के कार्य है-

(A) देश की सीमाओं की रक्षा करना

(B) दूसरे देशों से शांतिपूर्ण संबंध बनाना

(C) देश का आर्थिक विकास करना

(D) उपरोक्त सभी

प्र-358. भारत में सरकार के स्तर है-

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

प्र-359. शहर, गाँव या मोहल्ले में सरकार के स्तर को कहा जाता है-

(A) स्थानीय स्तर (B) राज्य स्तर

(C) राष्ट्रीय स्तर (D) इनमें से कोई नहीं

प्र–360.मध्यप्रदेश सरकार, सरकार का कौन–सा स्तर है?

(A) स्थानीय स्तर (B) राज्य स्तर

(C) राष्ट्रीय स्तर (D) ग्रामीण सरकार

प्र–361. भारत में गाड़ी चलाने के लिए प्रमुख दस्तावेज है–

(A) मतदाता परिचय पत्र

(B) ड्राइविंग लाइसेंस

(C) बैंक पासबुक

(D) आधारकार्ड

प्र–362. जिस सरकार में राजा या रानी के पास निर्णय लेने की शक्ति होती है उसे कहते हैं–

(A) स्थानीय सरकार

(B) लोकतंत्रीय सरकार

(C) राजतंत्रीय सरकार

(D) तानाशाही

प्र–363. हमारे देश में वोट डालने के लिए आयु सीमा कितनी है–

(A) 15 वर्ष (B) 16 वर्ष

(C) 18 वर्ष (D) 19 वर्ष

प्र–364. सोनाली 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी उसे अब कौन–सा अधिकार प्राप्त होगा–

(A) शिक्षा का अधिकार

(B) पर्यटन का अधिकार

(C) संपत्ति का अधिकार

(D) मताधिकार

प्र–365. अमरीका और इंग्लैण्ड में वोट देने का अधिकार मिला–

(A) अमरीका–1920, इंग्लैण्ड–1928

(B) अमरीका–1928, इंग्लैण्ड–1920

(C) अमरीका–1931, इंग्लैण्ड–1935

(D) अमरीका–1935, इंग्लैण्ड–1931

प्र–366. इनमें से सरकार का अंग नहीं है?

(A) कार्यपालिका (B) न्याय पालिका

(C) व्यवस्थापिका (D) नगरपालिका

प्र–367. अगर कहीं कोई विवाद या कोई अपराध होता है तो लोग न्याय के लिए कहाँ जाएंगे–

(A) मंत्रालय (B) लोकसभा

(C) विद्यालय (D) न्यायालय

प्र–368. भारत देश है–

(A) लोकतांत्रिक (B) राजतंत्र

(C) तानाशाही (D) इनमें से कोई नहीं

प्र–369. लोकतंत्र का अर्थ है–

(A) राजा का शासन

(B) लोगों का शासन

(C) लोगों के पास अपने नेता को चुनने की शक्ति

(D) विकल्प (B) और (C) दोनों

प्र–370. आपके गाँव में सार्वजनिक कुँए का निर्माण होना है इसके लिए गाँव के जिम्मेदार लोगों को कहाँ आवेदन देना होगा?

(A) राष्ट्रीय सरकार को

(B) राज्य सरकार को

(C) स्थानीय सरकार को

(D) अन्तर्राष्ट्रीय सरकार को

प्र–371. इनमें से कौन भारत का पड़ोसी देश नहीं है?

(A) नेपाल (B) बांग्लादेश

(C) अमरीका (D) चीन

प्र–372. मतदान के समय मतदाता की उँगली पर अमिट स्याही से निशान लगाने का मुख्य उद्देश्य है–

(A) मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना

(B) मतदान को बढ़ाने के लिए

(C) मतदाता एक ही वोट दे सके

(D) मतदाता एक से अधिक वोट दे सके

**अध्याय–4 पंचायती राज**

प्र–373. पंचायत के क्षेत्र में रहने वाले सभी वयस्कों की सभा कहलाती है–

(A) नगर सभा (B) ग्राम सभा

(C) निर्माण समिति (D) जनपद पंचायत

प्र–374. ग्राम पंचायत का सदस्य नहीं है–

(A) सरपंच (B) पंच

(C) सचिव (D) पार्षद

प्र–375. ग्राम सभा सदस्य की न्यूनतम आयु है–

(A) 25 वर्ष (B) 18 वर्ष

(C) 20 वर्ष (D) 21 वर्ष

प्र–376. ग्राम सभा द्वारा गठित इकाई जिससे गाँव का शासन चलाया जाता है–

(A) ग्राम पंचायत (B) पंचायत समिति

(C) सरकार (D) ग्राम सभा

प्र–377. ग्राम पंचायत के प्रधान एवं सदस्यों को कहते हैं–

(A) सचिव, पंच (B) अध्यक्ष, पंच

(C) सरपंच, पंच (D) नेता, पंच

प्र–378. ग्राम पंचायत का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है–

(A) पाँच वर्ष (B) सात वर्ष

(C) तीन वर्ष (D) चार वर्ष

प्र–379. ग्राम पंचायत की 'आमदनी' में हम किस प्रकार सहायता कर सकते हैं–

(A) बगीचे में पेड़ लगा कर

(B) घर की सफाई करके

(C) घरों एवं बाजारों पर लगाए जाने वाले कर देकर

(D) इनमें से कोई नहीं

प्र–380. ग्राम पंचायत के कार्य होते हैं–

(A) गाँव में सरकारी योजनाएँ लागू करना

(B) सड़के व नालियाँ बनाना

(C) स्थानीय कर लगाना

(D) उपरोक्त सभी

प्र–381. पंचायती राज के स्तर हैं–

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 4

प्र–382. ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की बैठक बुलाना, ग्राम पंचायत के रिकार्ड संभालना दायित्व है–

(A) सचिव का (B) सरपंच का

(C) जिला परिषद का (D) ग्राम सभा का

प्र–383. ग्राम पंचायत जवाबदेह होती है–

(A) ग्राम सभा के प्रति

(B) सचिव के प्रति

(C) पंचायत समिति के प्रति

(D) सरपंच के प्रति

**अध्याय–4 पंचायती राज**

प्र–384. जिला स्तर पर स्थानीय शासन की इकाई होती है–

(A) पंचायत समिति (B) जिला परिषद

(C) स्थानीय शासन (D) ग्राम पंचायत

प्र–385. केन्द्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र के दो पंचों को वर्ष 2005 में बेहतर कार्य करने पर दिया गया पुरुस्कार है–

(A) गाँव के पंच पुरुस्कार

(B) श्रेष्ठ पंच पुरुस्कार

(C) निर्मल ग्राम पुरुस्कार

(D) निर्माण ग्राम पुरुस्कार

प्र–386. ग्राम सचिव की नियुक्ति कौन करता है–

(A) सरपंच द्वारा (B) ग्राम सभा द्वारा

(C) पंच द्वारा (D) सरकार द्वारा

**अध्याय–5 गाँव का प्रशासन**

प्र–387. पुलिस का कार्य नहीं है–

(A) अपराधी को खोजना

(B) हमारी सुरक्षा करना

(C) अपराधी को गिरफ्तार करना

(D) आयकर निर्धारण करना

प्र–388. यदि हमारे पड़ोस में लड़ाई झगड़ा होता है तो उसकी शिकायत कहाँ की जाएगी–

(A) तहसील में (B) पुलिस थाने में

(C) अस्पताल में (D) विद्यालय में

प्र–389. भूमि के रिकॉर्ड रखने वाले सरकारी कर्मचारी है–

(A) पटवारी (B) थानेदार

(C) प्रधानाध्यापक (D) बैंक कर्मी

प्र–390.खेत मापने वाली लोहे की जंजीर कहलाती है–

(A) रकीब (B) गट्ठा

(C) जरीब (D) लट्ठा

प्र–391. पुलिस थाना क्षेत्र में किसी घटना की जाँच पड़ताल के लिए जिम्मेदार है–

(A) शिक्षक (B) पटवारी

(C) लेखपाल (D) थानेदार

प्र–392. जिले का सबसे बड़ा अधिकारी है–

(A) जिलाधिकारी (B) थानेदार

(C) पटवारी (D) नगर अध्यक्ष

प्र–393.इनमें से तहसीलदार का क्या काम है–

(A) अपराधी को दण्ड देना

(B) जाति प्रमाण पत्र जारी करना

(C) चोर को पकड़ना

(D) सड़के व नालियाँ बनाना?

प्र–394. पटवारी के कार्य का निरीक्षण करने वाले अधिकारी का नाम है–

(A) हवलदार (B) ग्राम पंचायत

(C) थानेदार (D) तहसीलदार

प्र–395. लेखापाल किसका दूसरा नाम है–

(A) तहसीलदार (B) पुलिस

(C) पटवारी (D) थानेदार

प्र–396. गाँव के लोग मुख्य रूप से गतिविधि से जुड़े हैं–

(A) नौकरी (B) कृषि

(C) व्यापार (D) उद्योग

प्र–397. एक जिले के सभी पुलिस थानों का मुखिया कहलाता है–

(A) हवलदार (B) पटवारी

(C) पुलिस अधीक्षक (D) थानेदार

प्र–398. भारत में गाँवों की संख्या है–

(A) पाँच लाख से अधिक

(B) छः लाख से अधिक

(C) छः लाख

(D) छः लाख से कम

**अध्याय–6 नगर प्रशासन**

प्र–399.नगर पालिका का कार्यकाल कितने वर्षो का होता है–

(A) 1 (B) 5

(C) 4 (D) 3

प्र–400.महानगरों में नगर प्रशासन चलाने वाली संस्था है–

(A) नगरपालिका (B) नगर परिषद

(C) नगरनिगम (D) ग्राम पंचायत

प्र–401.किसी नगर में स्कूल स्थापित करना, अस्पताल बनाना, गलियाँ बनाना उपरोक्त कार्य कौन करेगा–

(A) पुलिस (B) नगर पालिका

(C) लेखापाल (D) हवलदार

प्र–402.नगरनिगम का प्रशासनिक मुखिया होता है–

(A) मेयर (B) नगर पार्षद

(C) कमिश्नर (D) सरपंच

प्र–403. सन् 1994 में सूरत शहर में भयंकर प्लेग फैलने का एक कारण था–

(A) सफाई कर्मचारी नियमित सफाई करते थे।

(B) लोग घरों और होटलों का कूड़ा कचरा नालियों व सड़क पर ही फेंक देते थे।

(C) सूरत सबसे साफ शहर था।

(D) सूरत वासियों का रहन सहन बहुत अच्छा एवं साफ था।

प्र–404.कलपट्टू गाँव कौन–से राज्य में स्थित है?

(A) केरल (B) मध्यप्रदेश

(C) तमिलनाडु (D) तेलंगाना

प्र–405. रोपाई, निराई, कटाई, किससे संबंधित है–

(A) नौकरी (B) व्यापार

(C) खेती (D) मशीन

प्र–406. खेती करने के लिए क्या आवश्यक नहीं है–

(A) साफ मिट्टी (B) वर्षा

(C) बर्फ (D) धूप

प्र–407. मध्य भारत के लोग खेती के अलावा किन कार्यों से आजीविका चलाते है–

(A) महुआ बीन कर

(B) तेंदु पत्ते इकट्ठे करके

(C) शहद एकत्र करके

(D) उपरोक्त सभी

प्र–408. समुद्रतटीय इलाकों में रहने वाले व्यक्तियों की आजीविका का मुख्य साधन है–

(A) मछली पकड़ना (B) खेती

(C) नौकरी (D) इमारत बनाना

प्र–409. मछुआरों द्वारा प्रयोग की जाने वाली खास तरह की नाव है–

(A) नौका (B) डोंगा

(C) कैटामरैन (D) कश्ती

**अध्याय -8 शहरी क्षेत्र में आजीविका**

प्र–410.अधिकतर किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए फसलें बेचते हैं–

(A) देश में (B) बाजार में

(C) गाँवों में (D) अन्य किसान के पास

प्र–411. बहुत सी दुकानों का स्थान कहलाता है–

(A) शहर (B) गाँव

(C) बाजार (D) दफतर

प्र–412. शहरों की दुकानों की विशेषता है–

(A) फुटपाथ व ठेले

(B) आकर्षक् पक्की दुकानें

(C) कच्ची दुकानें

(D) सड़क किनारे सामान बेचना

प्र–413. शहरों में व्यापार करने के लिए लाइसेंस देता है–

(A) नगर निगम (B) नगर परिषद्

(C) सरपंच (D) पटवारी

प्र–414. वर्तमान में प्रचलित एक केन्द्री कृत दफ्तर जहाँ एक ही जगह से फोन के माध्यम से उपभोक्ताओं की समस्याओं और उनसे जुड़े सवालों की जानकारी दी जाती है–

(A) डाकघर (B) कॉलसेंटर

(C) राजस्व कार्यालय (D) फैक्ट्रीयाँ

प्र–415.कर्मचारियों की तनख्वाह का एक भाग जो सरकार के पास जमा होता है जिसे सेवानिवृत्ति होने पर प्राप्त किया जाता है–

(A) बचत खाता (B) करंट खाता

(C) भविष्य निधि (D) आयकर

प्र–416. वन्दना एक ड्रेस डिजायनर है वह फैशन के नए–नए कपड़े बनाती है इस कार्य के लिए वह कैसा स्थान चुनेगी–

(A) फुटपाथ पर (B) छोटी दुकान

(C) शो रूम (D) रिक्शा

**भूगोल**

प्र–417. ध्रुवतारा कौन सी दिशा को बताता है–

(A) पूर्व (B) पश्चिम

(C) उत्तर (D) दक्षिण

प्र–418. लाखों आकाशगंगाएँ मिलकर किसका निर्माण करती है–

(A) सौरमण्डल का (B) नक्षत्रमण्डल का

(C) ब्रह्माण्ड का (D) क्षोभमण्डल का

प्र–419. कृत्रिम उपग्रह का उपयोग किस जानकारी के लिए किया जाता है?

(A) पृथ्वी पर संचार माध्यम के लिए

(B) भू–संपदा की जानकारी के लिए

(C) ब्रहमाण्ड की जानकारी के लिए

(D) उपरोक्त सभी के लिए

प्र–420. जिस सुई के ऊपर ग्लोब घूमता है, उसे कहते हैं–

(A) रेखाचित्र (B) मानचित्र

(C) अक्ष (D) देशांतर

प्र–421. पृथ्वी अपने अक्ष पर एक पूरा चक्कर लगाने में समय लगाती है–

(A) 26 घण्टे (B) 24 घण्टे

(C) 27 घण्टे (D) 48 घण्टे

प्र–422. पृथ्वी किस दिशा में घूमती है–

(A) पश्चिम से पूर्व की ओर

(B) उत्तर से दक्षिण की ओर

(C) पूर्व से पश्चिम की ओर

(D) दक्षिण से उत्तर की ओर

प्र–423. निम्नलिखित में से पृथ्वी का उपग्रह है–

(A) सूर्य (B) बुध

(C) चन्द्रमा (D) मंगल

प्र–424. किस ग्रह को पृथ्वी के जुडवाँ ग्रह के नाम से जाना जाता है–

(A) बृहस्पति (B) बुध

(C) शनि (D) शुक्र

प्र–425. एक काल्पनिक रेखा जो पृथ्वी को दो समान भागों में विभाजित कर सबसे बड़ा वृत्त बनाती है–

(A) अक्षांश रेखा (B) देशांतर रेखा

(C) भूमध्य रेखा (D) मकर रेखा

प्र–426. सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने में लगभग समय लगता है–

(A) 5 मिनट (B) 7 मिनट

(C) 8 मिनट (D) 10 मिनट

प्र–427. सौरमण्डल के केन्द्र में स्थित है–

(A) पृथ्वी (B) सूर्य

(C) बुध (D) शुक्र

प्र–428.कर्क रेखा का अक्षांशीय मान होता है–

(A) 23 ½° उत्तरीय

(B) $23^0$ पूर्वीय

(C) $15^0$ दक्षिणी

(D) $21^0$ पश्चिमी

प्र–429. जब ग्रीनविच में दोपहर के 12 बजे होंगे उस समय $180^0$ पर क्या होगा?

(A) सुबह (B) दोपहर

(C) मध्यरात्रि (D) इनमें से कोई नहीं

प्र–430. देशांतर रेखाओं की कुल संख्या होती है–

(A) 90 (B) 180

(C) 360 (D) 720

प्र–431. शीतोष्ण कटिबंध में तापमान होता है–

(A) नम (B) बहुत कम

(C) अत्यधिक (D) मध्यम

प्र–432. ग्लोब होता है?

(A) पृथ्वी का एक बड़ा रूप

(B) पृथ्वी का एक लघुरूप

(C) पृथ्वी का वास्तविक रूप

(D) इनमें से कोई नहीं

प्र–433. कर्क रेखा और मकर रेखा के मध्य कौन सा ताप कटिबंध स्थित है–

(A) उष्ण कटिबंध (B) शीतोष्ण कटिबंध

(C) शीत कटिबंध (D) उपरोक्त सभी

प्र–434. प्रमुख याम्योत्तर का मान है–

(A) $90^0$ (B) $0^0$

(C) $60^0$ (D) $135^0$

प्र–435. भारत का मानक याम्योत्तर है–

(A) $82^0$ उ.पू. (B) $68^0$ पू.

(C) $97^0$ पू. (D) $23^0$ उ.पू.

प्र–436. पृथ्वी के घूर्णन एवं परिक्रमण के कारण परिवर्तन होता है–

(A) दिन एवं रात में

(B) दिन में

(C) दिन,रात एवं ऋतुओं में

(D) ऋतुओं में

प्र–437. गर्मी में क्रिसमस का पर्व मनाया जाता है–

(A) जापान (B) आस्ट्रेलिया

(C) भारत (D) रूस

प्र–438. दिन और रात बराबर कब होते है?

(A) 21 मार्च

(B) 23 सितंबर

(C) (A) और (B) दोनो

(D) इनमें से कोई नहीं

प्र–439. पृथ्वी अपनी कक्षा में घूमते हुए सूर्य के चारों ओर एक चक्कर कितने दिन में पूरा करती है?

(A) 365 1/4 दिन (B) 368 1/4 दिन

(C) 370 1/4 दिन (D) 366 1/4 दिन

प्र–440. 2020 एक लीप वर्ष था अगला लीप वर्ष होगा–

(A) 2022 में (B) 2024 में

(C) 2026 में (D) 2027 में

प्र–441. एक लीप वर्ष में कितने दिन होते हैं–

(A) 364 दिन (B) 365 दिन

(C) 366 दिन (D) 370 दिन

प्र–442. प्रदीप्त वृत्त कहते हैं–

(A) ग्लोब पर वह वृत्त जो तापमान को विभाजित करता है

(B) ग्लोब पर वह वृत्त जिसके द्वारा किसी स्थान की सही स्थिति ज्ञात की जाती है।

(C) ग्लोब पर वह वृत्त जो दिन तथा रात को विभाजित करता है।

(D) इनमें से कोई नहीं

प्र–443. 21 जून को सूरज की किरणे किस रेखा पर सीधी पड़ती है?

(A) मकर रेखा (B) विषुवत रेखा

(C) कर्क रेखा (D) इनमें से कोई नहीं

प्र–444. उत्तरी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन होता है–

(A) 22 नवंबर (B) 22 दिसंबर

(C) 22 मार्च (D) 22 जून

प्र–445. रूढ़ चिन्हों की सही जोड़ी मिलाइए–

(I) बड़ी रेलवे लाईन – (a) ═══

(ii) कच्ची सड़क – (b) —•—•—

(iii) पक्की सड़क – (c) ▬▬▬

(iv) अन्तर्राष्ट्रीय सीमा – (d) = = = = = = =

(A) i-c, ii-b, iii-d, iv-a

(B) i-a, ii-c, iii-b, iv-d

(C) i-b, ii-a, iii-c, iv-d

(D) i-c, ii-d, iii-a, iv-b

प्र–446. मानचित्र में नीले रंग का इस्तेमाल किसे दिखाने लिए किया जाता है

(A) जलाशयों को (B) पर्वतों को

(C) मैदानों को (D) वनस्पतियों को

प्र–447. मानचित्रों में ऊपर दाहिनी तरफ बना तीर का निशान किस दिशा को बताता है–

(A) पूर्व (B) पश्चिम

(C) उत्तर (D) दक्षिण

प्र–448. इनमें से मानचित्र का घटक नहीं है–

(A) दूरी (B) दिशा

(C) प्रतीक (D) पर्वत

प्र–449. दिक्सूचक यंत्र का उपयोग किसके लिए किया जाता है?

(A) समय का पता लगाने के लिए

(B) दिशा का पता लगाने के लिए

(C) दूरी का पता लगाने के लिए

(D) सीमाओं का पता लगाने के लिए

प्र–450. सड़क मानचित्र, वर्षा मानचित्र, वन तथा उद्योगों के विवरण को प्रदर्शित करने वाले मानचित्र कहलाते हैं–

(A) भौतिक (B) राजनीतिक

(C) थिमैटिक (D) इनमें से कोई नहीं

प्र–451. निम्नलिखित में से कौन सा मानचित्र राजनीतिक मानचित्र नहीं है–

(A) राज्यों का मानचित्र

(B) नगरों का मानचित्र

(C) देशों का मानचित्र

(D) वनों के विवरण का मानचित्र

प्र–452. मानचित्र में महाद्वीपों अथवा देशों को दर्शाने के लिए कैसा पैमाना प्रयोग किया जाता है–

(A) छोटा पैमाना (B) बड़ा पैमाना

(C) मध्यम पैमाना (D) कोई पैमाना नहीं

प्र–453. वायुमंडल में सबसे अधिक मात्रा में पाई जाने वाली नाइट्रोजन गैस का प्रतिशत है–

(A) 79 प्रतिशत (B) 78 प्रतिशत

(C) 80 प्रतिशत (D) 71 प्रतिशत

प्र–454. भारत की प्रथम महिला जिन्होंने 23 मई 1984 को एवरेस्ट पर कदम रखा, उनका नाम था–

(A) बछेंद्री पाल (B) बघेन्द्री पाल

(C) बचेंद्री पाल (D) वामेंद्री पाल

प्र–455. विश्व का सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान किस महाद्वीप में स्थित है–

(A) एशिया (B) यूरोप

(C) अफ्रीका (D) आस्ट्रेलिया

प्र–456. माउंट एवरेस्ट की समुद्र तल से ऊँचाई है–

(A) 1122 मीटर (B) 8400 मीटर

(C) 11022 मीटर (D) 8848 मीटर

प्र–457. निम्न में से किसे महासागरीय बेसिन कहा जाता है–

(A) बड़े जलाशयों को

(B) बड़े स्थलीय भू–भागों को

(C) छोटे जलाशयों को

(D) इनमें से कोई नहीं

प्र–458. पृथ्वी के बड़े स्थलीय भू–भाग कहलाते हैं–

(A) द्वीप (B) महाद्वीप

(C) बेसिन (D) खाड़ी

प्र–459.कौन–सी पर्वत–श्रृंखला एशिया एवं यूरोप महाद्वीप को अलग करती है–

(A) एंडीज पर्वत (B) हिमालय पर्वत

(C) यूराल पर्वत (D) रॉकी पर्वत

प्र–460. पौधों की वृद्धि के लिए आवश्यक गैस है–

(A) ऑक्सीजन

(B) कार्बन डाइ ऑक्साइड

(C) नाइट्रोजन

(D) हीलियम

प्र–461. पृथ्वी का ठोस भाग कहलाता है–

(A) स्थलमंडल (B) मध्यमंडल

(C) क्षोभ मंडल (D) जीवमंडल

प्र–462. विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है–

(A) यूरोप (B) एशिया

(C) आस्ट्रेलिया (D) दक्षिण अमेरिका

प्र–463. भारत के प्रायद्वीपीय पठार की आकृति है–

(A) वर्गाकार (B) आयताकार

(C) त्रिभुजाकार (D) वृत्ताकार

प्र–464. सुन्दरवन डेल्टा निम्न नदियों के मुहाने पर स्थित है–

(A) कृष्णा–कावेरी (B) नर्मदा–ताप्ती

(C) महानदी–गोदावरी (D) गंगा–ब्रह्मपुत्र

प्र–465. भारत के मध्य से कौन सी रेखा गुजरती है–

(A) मकर रेखा (B) कर्क रेखा

(C) विषुवत रेखा (D) उपरोक्त सभी

प्र–466. बंगाल की खाड़ी में स्थित भारत के द्वीप समूह है–

(A) लक्षद्वीप समूह

(B) मालद्वीप

(C) दमन और दीव समूह

(D) अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह

प्र–467. हिमाचल के सबसे दक्षिण भाग को कहा जाता है–

(A) शिवालिक (B) हिमालय

(C) हिमाद्री (D) उपरोक्त सभी

प्र–468. भारत की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है–

(A) अरावली (B) पश्चिमी घाट

(C) हिमालय (D) विंध्य एवं सतपुड़ा

प्र–469. नर्मदा नदी किस सागर में मिलती है–

(A) हिन्द महासागर में

(B) प्रशांत महासागर में

(C) अरब सागर में

(D) इनमें से कोई नहीं

प्र–470. सुनामी एक विशाल सागरीय तरंग है जो समुद्र तल पर किसके कारण उत्पन्न होती है–

(A) भूकंप (B) ज्वालामुखी

(C) बाढ़ (D) मृदा अपरदन

प्र–471. पाक जलसंधि किन दो देशों के मध्य स्थित है–

(A) श्रीलंका तथा मालदीव

(B) भारत और श्रीलंका

(C) भारत तथा पाकिस्तान


(D) भारत तथा मालदीव

प्र–472. विंध्य एवं सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला से कौन सी नदी बहती है?

(A) गंगा (B) यमुना

(C) नर्मदा (D) ब्रम्हपुत्र

प्र–473. रेखाचित्र अनुसार बताइए कि भारत के पश्चिम में स्थित है–




(A) हिमालय (B) बंगाल की खाड़ी

(C) अरब सागर (D) हिन्द महासागर

प्र–474. स्थल का वह भाग जो तीन तरफ जल से घिरा रहता है वह कहलाता है–

(A) द्वीप (B) प्रायद्वीप

(C) महाद्वीप (D) द्वीपीय

प्र–475. भारत का कौन सा भाग अधिक गर्म, शुष्क तथा रेतीला है?

(A) उत्तर (B) दक्षिण

(C) पूर्व (D) पश्चिम

प्र–476. महान हिमालय पर्वत को दूसरे किस नाम से जाना जाता है?

(A) हिमाद्रि (B) अरावली

(C) हिमानी (D) पश्चिम घाट

**कक्षा– 7 इतिहास**

प्र–477. भूगोलवेत्ता अल–इन्द्रीसी कहाँ के निवासी थे?

(A) अरब (B) ईरान

(C) अफगान (D) अमेरिका

प्र–478. भारतीय उपमहाद्वीप का द्वितीय मानचित्र फ्रांसीसी मानचित्रकार ने किस सन् में बनाया?

(A) 1720 (B) 1723

(C) 1725 (D) 1728

प्र–479. नई प्रौद्योगिकी जैसे–सिंचाई में रहट, कताई में चरखे और युद्ध में बारूद वाले हथियार का प्रयोग किस ई. में हुआ?

(A) सन् 700 से 1750 के बीच

(B) सन् 700 से 800 के बीच

(C) सन् 850 से 900 के बीच

(D) सन् 1100 से 1800 के बीच

प्र–480. पांडुलिपियों को कहाँ सुरक्षित रखा जाता था?

(A) पुस्तकालयों तथा अभिलेखागारों में

(B) घरों में

(C) मंदिरों में

(D) विद्यालय में

प्र–481. चोल शासन में भूमि की सीमाओं को किससे चिन्हित किया जाता था?

(A) मिट्टी के मेड़ें बनाकर

(B) काँटेदार झाड़ियाँ लगाकर

(C) (A) और (B) दोनों

(D) पेड़ लगाकर

प्र–482. किस वंश के अभिलेखों में विभिन्न प्रकार के करों के लिए 400 से ज्यादा सूचक शब्द मिले है?

(A) चोल वंश (B) मौर्य वंश

(C) गुप्त वंश (D) परिहार वंश

प्र–483.'ग्राम' परिषद और नाडु के चोल राज्य में क्या कार्य थे?

(A) न्याय और कर वसूलने

(B) सैनिक व्यवस्था देखना

(C) तीर्थयात्रा देखना

(D) सिंचाई व्यवस्था देखना

प्र–484. किसानों की बस्तियाँ क्या कहलाती थी?

(A) पंचायत (B) परिषद

(C) सभा (D) उर

प्र–485. तंजावूर और गंगईकोंडचोलपुरम मंदिर किसके द्वारा बनवाया गया था?

(A) राजराज और राजेन्द्र प्रथम

(B) चन्द्रगुप्त

(C) विजयालय

(D) हर्षवर्धन

प्र–486. संसार की सबसे उत्कृष्ट कांस्य प्रतिमाओं में गिनी जाती है?

(A) चोल कांस्य प्रतिमाएँ

(B) गुप्त काल की प्रतिमाएँ

(C) मौर्य काल की प्रतिमाएँ

(D) राष्ट्रकूट काल की प्रतिमाएँ

प्र–487. बारहवीं शताब्दी में 'कल्हण' नामक एक रचनाकार ने किस काव्य की रचना की?

(A) चरक संहिता

(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(C) राजतरंगिणी

(D) मेघदूत

प्र–488. नवीं शताब्दी में नदी की शाखाओं में पानी के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए किसका प्रयोग किया जाता था?

(A) मिट्टी का (B) रेत का

(C) पेड़ो का (D) हौज का

प्र–489. खिलजी वंश का संस्थापक कौन था?

(A) जलालुद्दीन खलजी

(B) गयासुद्दीन तुगलक

(C) अलाउद्दीन खलजी

(D) मोहम्मद तुगलक

प्र–490. किस शासक ने भू–राजस्व व वसूली के कार्य को अपने नियंत्रण में रखा था?

(A) गयासुद्दीन तुगलक

(B) फिरोज तुगलक

(C) अलाउद्दीन खलजी

(D) इल्तुतमिश

प्र–491. दिल्ली सल्तनत का अंतिम राजवंश कौन–सा था?

(A) लोदी वंश (B) तुगलक वंश

(C) खलजी वंश (D) सैयद वंश

प्र–492. सर्वप्रथम किसने दिल्ली में राजधानी स्थापित की?

(A) तोमर (B) अनंगपाल

(C) चौहान (D) चंदेलों

प्र–493. अलाई दरवाजा कहाँ पर स्थित है?

(A) दिल्ली (B) अजमेर

(C) आगरा (D) जयपुर

प्र–494. मुगल सम्राट हुमायुँ को पराजित करने वाला शासक कौन था?

(A) बलबन (B) इब्राहिम लोदी

(C) अकबर (D) शेरशाह सूरी

प्र–495. तुगलक शासकों ने सेनानायको को भिन्न–भिन्न आकार के इलाकों में सूबेदार नियुक्त किये थे इन इलाकों को क्या कहा जाता था?

(A) राज्य (B) गाँव

(C) शहर (D) इक्ता

प्र–496. 'खराज' किस प्रकार का कर था?

(A) कृषि कर (B) जमीन कर

(C) आर्थिक कर (D) धार्मिक कर

प्र–497. इतिहासकार इब्नबतूता कहाँ का निवासी था?

(A) अमेरिका (B) मोरक्को

(C) इंग्लैंड (D) रूस

प्र–498. प्रथम मुगल शासक कौन था?

(A) अकबर (B) बाबर

(C) जहाँगीर (D) शाहजहाँ

प्र–499. तैमूर वंश ने दिल्ली पर कब्जा किस सन् में किया था?

(A) सन् 1315 (B) सन् 1345

(C) सन् 1398 (D) सन् 1342

प्र–500. किस मुगल सम्राट को 'जिंदा पीर' कहा जाता है?

(A) हुमायूँ (B) अकबर

(C) जहाँगीर (D) औरंगजेब

प्र–501. युद्धों में तोप और गोलाबारी का इस्तेमाल

किस शताब्दी में शुरु हुआ?

(A) चौदहवीं शताब्दी

(B) ग्यारहवीं शताब्दी

(C) सोलहवीं शताब्दी

(D) अठारहवीं शताब्दी

प्र–502. बाबर ने युद्ध में तोप व गोलाबारी का पहली बार इस्तेमाल किस लड़ाई में किया?

(A) पानीपत का प्रथम युद्ध

(B) पानीपत का द्वितीय युद्ध

(C) पानीपत का तृतीय युद्ध

(D) मराठा युद्ध

प्र–503. अकबर के दरबार में टोडरमल कौन था?

(A) राज्य मंत्री (B) सेनानायक

(C) राजस्व मंत्री (D) सलाहकार

प्र–504. अकबरनामा किसने लिखा?

(A) अकबर (B) अबुल फजल

(C) शाहजहाँ (D) फिरदौस

प्र–505. सुलह–ए–कुल की नीति किसके द्वारा चलाई गई थी?

(A) बाबर (B) अकबर

(C) जहाँगीर (D)शाहजहाँ

प्र–506. अकबर के द्वारा 'इबादतखाने' का निर्माण किस शहर में कराया गया था?

(A) आगरा (B) दिल्ली

(C) फतेहपुर सीकरी (D) अजमेर

प्र–507. दक्षिण के किन दो राज्यों को औरंगजेब ने अपने साम्राज्य में मिला लिया?

(A) अहमद नगर और बीदर

(B) बीदर और गोलकुंडा

(C) बीजापुर और गोलकुंडा

(D) गोलकुंडा और अहमद नगर

प्र–508. अहोम लोगों ने किसकी खेती में नये–नये तरीके प्रयोग किये?

(A) गेहूँ (B) चना

(C) चावल (D) मक्का

प्र–509. मुगलों ने किसके नेतृत्व में अहोम राज्य पर हमला किया था?

(A) मीर कासिम (B) मीर जुमला

(C) मीर जाफर (D) बाबर

प्र–510. निम्न में से उत्तर पश्चिम में रहने वाली शक्तिशाली जनजाति कौन–सी थी?

(A) बलोच (B) नागा

(C) अहोम (D) मुंडा

प्र–511. अकबर के प्रसिद्ध सेनापति राजा मान सिंह ने चेर लोगों पर हमला कब किया?

(A) 1590 (B) 1591

(C) 1561 (D) 1541

प्र–512. बंजारा लोगों के कारवाँ को क्या कहा जाता है?

(A) समूह (B) टांडा

(C) धुमंतु (D) डेरा

प्र–513. गढ़ कटंगा के गोंड़ राज्य में 70000 गाँव थे इसका उल्लेख कहॉ मिलता है?

(A) बाबरनामा (B)अकबर नामा

(C) आइने अकबरी (D)बृहत कला

प्र–514. मुगल सेनाओं ने किसके नेतृत्व में गढ़ कटंगा पर हमला किया?

(A) आसिफ खान (B) जफर खान

(C) फिरोज खान (D) मीर जुमला

प्र–515. सूरसागर और सूरसारावली किसकी रचनाएँ है?

(A) तुलसीदास (B) कबीर

(C) सूरदास (D) अमीर खुसरो

प्र–516. ''स्वर्ण मंदिर'' कहाँ स्थित है?

(A) अमृतसर (B) मथुरा

(C) करतारपुर (D) बनारस

प्र–517. गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ का स्थापना कब की ?

(A) 1609 (B) 1606

(C) 1689 (D) 1699

प्र–518. नयनार सम्प्रदाय किस ईश्वर की भक्ति करते हैं?

(A) शिव (B) अग्नि

(C) विष्णु (D) इन्द्र

प्र–519. संगम साहित्य किस भाषा में लिखा गया है?

(A) तमिल (B) तेलगू

(C) उर्दू (D) फारसी

प्र–520. अलवार किस ईश्वर की भक्ति करते थे?

(A) विष्णु (B) शिव

(C) इन्द्र (D) अग्नि

प्र–521. 'मणिप्रवालम' का शाब्दिक अर्थ क्या है?

(A) हीरा और मूँगा

(B) सोना और चाँदी

(C) हीरा और पन्ना

(D) मूंगा और सोना

प्र–522. 'कत्थक' शब्द किस शब्द से निकला है?

(A) कला (B) कथा

(C) कलक (D) कत्खा

प्र–523. जगन्नाथ मंदिर कहाँ स्थित है?

(A) उड़ीसा (B) तमिलनाडु

(C) महाराष्ट्र (D) कर्नाटक

प्र–524. 'कत्थक' कहाँ का लोक नृत्य है?

(A) उत्तर भारत (B) दक्षिण भारत

(C) मध्यप्रदेश (D) पंजाब

प्र–525. 'भरतनाट्यम' कहाँ का शास्त्रीय नृत्य है?

(A) तमिलनाडु (B) उड़ीसा

(C) मणिपुर (D) केरल

प्र–526. 'कुचिपुड़ी' कहाँ का शास्त्रीय नृत्य है?

(A) आंध्र प्रदेश (B) उड़ीसा

(C) मध्यप्रदेश (D) केरल

प्र–527. पंचवाणी और बीजक किसकी रचना है?

(A) कबीरदास (B) तुलसीदास

(C) रविदास (D) सूरदास

प्र–528. पानीपत की तीसरी लड़ाई कब हुई थी?

(A) 1761 (B) 1762

(C) 1759 (D) 1764

प्र–529. नादिरशाह कहाँ का शासक था?

(A) ईरान (B) ईराक

(C) अफगनिस्तार (D) तुर्क

प्र–530. नादिरशाह ने दिल्ली पर कब आक्रमण किया था?

(A) 1739 (B) 1761

(C) 1712 (D) 1765

प्र–531. राजा जयसिंह कहाँ के राजा थे?

(A) जयपुर (B) अजमेर

(C) जोधपुर (D) कोटा

प्र–532. मेहरगढ़ किला कहाँ स्थित है?

(A) जोधपुर (B) जयपुर

(C) अजमेर (D) अलवर

प्र–533. जोधपुर के राजा अजीत सिंह को कहाँ की सूबेदारी मिल गयी थी?

(A) गुजरात (B) पंजाब

(C) उड़ीसा (D) बंगाल

प्र–534. अठारहवीं शताब्दी में कई योग्य नेताओं के नेतृत्व में सिक्खों ने पहले 'जत्थों में और बाद में 'मिस्लों' की संयुक्त सेनाएँ क्या कहलाती थी?

(A) संगठन (B) समूह

(C) दल खालसा (D) खालसा समूह

प्र–535. महाराजा रणजीत सिंह ने सन् 1799 में कहाँ राजधानी बनायी?

(A) बंगाल (B) अवध

(C) लाहौर (D) जयपुर

प्र–536. किसके नेतृत्व में 'खालसा' ने मुगल सत्ता के खिलाफ विद्रोह किये?

(A) बंदा बहादुर (B) रणजीत सिंह

(C) गुरु गोबिन्द सिंह (D) गुरु तेगबहादुर

प्र–537. चौथ और सरदेशमुखी किसका प्रकार है?

(A) कर (B) फसल

(C) सेना (D) युद्ध

प्र–538. दीग में जाटों ने अम्बर और आगर की शैलियों का समन्वय करके क्या बनवाया?

(A) ताज महल

(B) बाग–महल

(C) हिंडोला महल

(D) रानी रुपमती का महल

प्र–539. गुरु नानक का जन्म किस सन् में हुआ?

(A) 1469 (B) 1478

(C) 1475 (D) 1512

प्र–540. गुरु नानक का जन्म स्थान है–

(A) गुजरात (B) तलवंडी

(C) बनारस (D) मथुरा

प्र–541. गुरु नानक ने धार्मिक केन्द्र कहाँ स्थापित किया?

(A) करतारपुर (B) काशी

(C) अयोध्या (D) वृन्दावन

प्र–542. गुरु नानक ने किसे अपना उत्तराधिकारी चुना?

(A) गुरु अंगद

(B) गुरु तेग बहादुर

(C) गुरु गोविन्द सिंह जी

(D) इनमें से कोई नहीं

प्र–543. रानी दुर्गावती के पुत्र का क्या नाम था–

(A) भद्र नारायण (B) वीर नारायण

(C) नारायण (D) वीर

प्र–544. अहोम समाज, कुलों में विभाजित था जिन्हें कहा जाता था–

(A) संघ (B) सभा

(C) परिषद (D) खेल

प्र–545. भारत के सर्वाधिक प्रभावशाली दार्शनिकों में से किसका जन्म आठवीं शताब्दी में केरल प्रदेश में हुआ?

(A) शंकर (B) रामानुज

(C) नामदेव (D) तुकाराम

प्र–546. रामानुज का जन्म ग्यारहवीं शताब्दी में कहाँ हुआ?

(A) केरल (B) गुजरात

(C) तमिलनाडु (D) महाराष्ट्र

**अध्याय 1 समानता**

प्र–547. लोकतंत्र का आवश्यक पहलू होता है–

(A) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार

(B) निर्णय लेने में प्रत्यक्ष भागीदारी

(C) असमानता

(D) गठबंधन

प्र–548. संसद के संदर्भ में कौन सा कथन भिन्न है–

(A) लोकतंत्र का आधार स्तंभ

(B) जनप्रतिनिधियों का समूह

(C) निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रतिनिधित्व

(D) असमानता

प्र–549. नियमों का लिखित अथवा अलिखित समूह जिसके अनुसार राज्य का शासन चलाया जाता है क्या कहलाता है?

(A) कानून (B) संविधान

(C) सरकार (D) आचार संहिता

प्र–550. भरतीय संविधान में मौलिक अधिकारों की संख्या है–

(A) 7 (B) 6

(C) 5 (D) 4

प्र–551. मौलिक अधिकार किस अनुच्छेद में है–

(A) 12 से 35 (B) 14 से 30

(C) 16 से 30 (D) 17 से 36

प्र–552. 20 वर्षीय स्मिता अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनना चाहती है। संविधान में उसे ऐसा करने के लिए कौन सा अधिकार प्राप्त है–

(A) मध्यान्ह भोजन

(B) वयस्क मताधिकार

(C) सम्पत्ति का अधिकार

(D) पर्यटन का अधिकार

प्र–553.भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या है–

(A) 12 (B) 11

(C) 10 (D) 9

**अध्याय–2 स्वास्थ्य में सरकार की भूमिका**

प्र–554. लोकतंत्र में जनता के स्वास्थ्य के प्रति कार्य करती है–

(A) फैक्ट्रीयाँ (B) विदेशी कंपनियाँ

(C) सरकार (D) सहकारी बैंक

प्र–555. अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक नहीं है–

(A) साफ पानी

(B) प्रदूषण मुक्त वातावरण

(C) शुद्ध हवा

(D) महंगी शिक्षा

प्र–556. रोहन को हैजा हो गया उसकी बीमारी का कारण है–

(A) मच्छर (B) गंदा पानी

(C) रक्त (D) ध्वनि प्रदूषण

प्र–557.स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सही विकल्प है–

(A) स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल, एंबुलेंस, ब्लडबैंक

(B) शोरूम, छोटी दुकान, अस्पताल, ब्लडबैंक

(C) एंबुलेंस, अस्पताल, डाकघर, बैंक

(D) ब्लडबैंक, स्वास्थ्य केन्द्र, कोषालय, पर्यटन विभाग

**अध्याय–2 स्वास्थ्य में सरकार की भूमिका**

प्र–558. निम्न कथन को पूरा कीजिए–

.....करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है–

(A) पढ़ाई, लिखाई (B) खेल–कूल

(C) खान–पान (D) तंबाकू, धूम्रपान

प्र–559. स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है–

(A) सुस्त और अकर्मण्य रहना

(B) चिंताग्रस्त रहना

(C) डरे–डरे रहना

(D) तनाव मुक्त और प्रसन्न रहना

प्र–560. मलेरिया बीमारी की रोकथाम के लिए शासन द्वारा प्रचार किया जाता है–

(A) ध्वनि प्रदूषण कम करना

(B) पानी व्यर्थ न फैलाएँ

(C) कूलरों व घर की छतों आदि पर पानी एकत्र न होने दें।

(D) पेड़ न काटे

प्र–561. विधानसभा के सदस्य को कहा जाता है–

(A) विधायक (B) पार्षद

(C) महापौर (D) सरपंच

प्र–562. विधानसभा में बहुमत दल का नेता कहलाता है–

(A) प्रधानमंत्री (B) मुख्यमंत्री

(C) राष्ट्रपति (D) महापौर

प्र–563. राज्यपाल होता है–

(A) जिले का प्रमुख (B) राज्य का प्रमुख

(C) देश का प्रमुख (D) विकासखण्ड का प्रमुख

प्र–564. किसी समूह के आधे से अधिक संख्या में लोग किसी निर्णय या विचार से सहमत हों वह कहलाते हैं–

(A) जनमत (B) बहुमत

(C) अल्पमत (D) इनमें से कोई नहीं

प्र–565. राज्य में राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है–

(A) मुख्यमंत्री (B) स्पीकर

(C) राज्यपाल (D) विधायक

प्र–566. इनमें से कौन–सा शासन का स्तर नहीं है–

(A) स्थानीय स्तर (B) राज्य स्तर

(C) केन्द्रीय स्तर (D) स्वसहायता समूह

**अध्याय–3 राज्य शासन कैसे काम करता है–**

प्र–567. चुनाव के बाद किस दल के विधायक अपने नेता का चुनाव करते हैं–

(A) विरोधी दल (B) सत्ताधारी दल

(C) अन्य पार्टी (D) सभी दल

प्र–568. राज्यपाल किनकी नियुक्ति करते है–

(A) मुख्यमंत्री की

(B) अन्य मंत्रियों की

(C) विकल्प (A) और (B)

(D) इनमें से कोई नहीं

**अध्याय-4 लड़के और लड़कियों के रूप में बड़ा होना**

प्र-569. समाज में लोगों में प्राकृतिक अन्तर का सबसे पहला आधार है-

(A) पैसा (B) लिंग

(C) रूतबा (D) आयु

प्र-570.सामोअन समाज पर किए गए अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार किस दशक में बच्चे स्कूल नहीं जाते थे-

(A) 1930 (B) 1960

(C) 1920 (D) 1940

प्र-571. 1920 के दशक में किशोर लड़के द्वीपों पर कौन-सा काम करना सीखते थे-

(A) मछली पकड़ना (B) डलिया बुनना

(C) घर संभालना (D) लकड़ी काटना

प्र-572. 1960 के दशक में कौन से स्कूलों के बीच में एक आँगन होता था-

(A) लड़कों के स्कूल

(B) लड़कियों के स्कूल

(C) लड़के-लड़कियाँ दोनों के लिए

(D) लड़के-लड़कियों दानों के स्कूल में नहीं

प्र-573. लड़के और लड़कियों को शिक्षा के अवसर प्राप्त होने चाहिए-

(A) लड़कों को लड़कियों की अपेक्षा अधिक

(B) लड़कियों को लड़कों की अपेक्षा अधिक

(C) दोनों को समान

(D) इनमें से कोई नहीं

प्र-574. समाज व देश की उन्नति के लिए क्या कदम उठाने चाहिए?

(A) पुरुष प्रधान देश बनाना

(B) महिला प्रधान देश होना

(C) लिंग भेद खत्म कर सभी को समान अवसर

(D) प्रमुखता के अनुरूप कार्य

प्र-575. किसी संस्था में महिला कर्मचारियों की संख्या 30 से अधिक होने पर शासन ने क्या कानून बनाया है-

(A) काम आधा किया जाएगा

(B) कम वेतन पर कार्य होना

(C) वैधानिक रूप से बालवाड़ी की सुविधा देना

(D) अधिक वेतन पर कार्य होना

**अध्याय-5 औरतों ने बदली दुनिया**

प्र-576.भारत में कितने प्रतिशत महिलाएँ खेती का काम करती है-

(A) 83.6% (B) 86.3%

(C) 73.6% (D) 76.3%

प्र-577.महिलाओं की साक्षरता दर 2011 की जनगणना के अनुसार कितनी है-

(A) 50% (B) 54%

(C) 65% (D) 59%

प्र-578. प्रस्तुत लोगो किससे संबंधित है-




(A) 2014 बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान

(B)2014 बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ अभियान

(C) 2014 उज्ज्वला योजला

(D) 2014 लाड़ली बहना योजना

प्र-579. महिलाओं पर घरेलू हिंसा को रोकने के लिए कानून बनाया गया-

(A) 2006 (B) 1990

(C) 2001 (D) 2008

प्र-580. भारत में महिलाएँ खेतों में कौन से कार्य करती है-

(A) पौधे रोपना (B) खरपतवार निकालना

(C) फसल काटना (D) उपरोक्त सभी

प्र-581. 'लक्ष्मी लाकरा' कौन थी-

(A) पायलट

(B) नर्स

(C) पहली इंजन चालक

(D) डॉक्टर

प्र-582.'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' कब मनाया जाता है-

(A) 8 मार्च (B) 5 जून

(C) 1 अगस्त (D) 20 दिसम्बर

प्र–583. भारतीय महिला द्वारा लिखित पहली आत्मकथा कौन सी है–

(A) 'सुल्तान का स्वप्न' - रुकैया सखावत हुसैन

(B) 'मेरी जीवन यात्रा' - जानकी बजाज

(C) आमार जीबोन - राससुंदरी देवी

(D) एक अनपढ़ कहानी - सुशीला राय

प्र–584. संचार के साधनों का सही विकल्प चुनिए–

(A) टी.वी., फ्रिज, अलमारी, इंटरनेट

(B) रेडियो, समाचार पत्र, टी.वी., इंटरनेट

(C) रेडियो, छाता, ए.सी. समाचार पत्र

(D) इंटरनेट, पंखा, टेबिल, रेडियो

प्र–585. भारत में आज से लगभग 20 वर्ष पूर्व कौन से संचार के साधन अधिक प्रचलित थे?

(A) समाचार पत्र, रेडियो

(B) टी.वी. इंटरनेट

(C) स्मार्ट फोन, टी.वी.

(D) इंटरनेट, स्मार्ट फोन

प्र–586. वर्तमान में किसके अत्यधिक उपयोग से आँखों पर दुष्प्रभाव पड़ता है?

(A) टी.वी, कम्प्यूटर, मोबाइल

(B) पत्र पत्रिकाएँ, पुस्तकें

(C) खेल कूद एवं व्यायाम

(D) चित्रकारी

प्र–587. किसी आवश्यक जानकारी को कम से कम समय में अधिक से अधिक लोगों तक कैसे पहुँचाया जा सकता है–

(A) सोशल मीडिया (B) समाचार पत्र

(C) टेलीग्राम (D) प्रत्यक्ष रूप से

प्र–588. टेलीविजन का आविष्कार किसने किया था–

(A) गुटेनबर्ग ने (B) जॉन एल. बोयर्ड ने

(C) ग्राइम बैल ने (D) हैनरी फोर्ड ने

**अध्याय -6 संचार माध्यमों को समझना**

प्र–589. इनमें से क्या मीडिया का अंग है–

(A) फोन (B) टी.वी.

(C) रेडियो (D) उपरोक्त सभी

प्र–590. संचार के निम्न साधनों में से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम है–

(A) रेडियों, टी.वी. इंटरनेट

(B) समाचार पत्र, पत्रिकाएँ

(C) टेलिग्राम, पोस्टकार्ड

(D) पत्र, अखवार, प्रचार पर्चे

प्र–591. आप अपनी शाला के पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर में आसानी से कम से कम लागत में संचार के निम्न साधन का प्रयोग कर सकते हैं?

(A) टी.वी.

(B) स्मार्ट फोन

(C) समाचार पत्र, पत्रिकाएँ

(D) कम्प्यूटर्स

प्र–592. अखबार एवं पत्रिकाएँ संचार के माध्यम है–

(A) इलेक्ट्रॉनिक्स (B) छपे हुए

(C) डिजिटल (D) उपरोक्त सभी

**अध्याय -7 हमारे आस-पास के बाजार**

प्र–593. हफ्ते के किसी एक निश्चित दिन लगने वाले बाजार को कहते हैं–

(A) साप्ताहिक बाजार (B) मासिक बाजार

(C) पक्की दुकाने (D) मेगा मॉल

प्र–594. हम सप्ताह के किसी भी दिन व किसी भी समय अपनी जरूरत का सामान खरीद सकते हैं–

(A) मेगा मॉल (B) साप्ताहिक बाजार

(C) मोहल्ले की दुकान (D) मासिक बाजार

प्र–595. शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की एक विशेषता है–

(A) सप्ताह में एक बार बाजार लगता है।

(B) शहरी इलाकों में बहुमंजिला इमारत जहाँ ब्रांडेड सामान मिलता है।

(C) मोहल्ले में छोटी सी दुकान होती है।

(D) महीने में एक बड़ा बाजार लगता है एवं कच्ची दुकानें होती है।

प्र–596. किसी वस्तु के उत्पादक और उपभोक्ता के बीच कौन होता है–

(A) व्यापारी (B) उत्पादक

(C) उपभोक्ता (D) ग्राहक

प्र–597. बाबूलाल के घर शादी समारोह कार्यक्रम है उसे सामान अधिक मात्रा में सस्ते दामों पर खरीदने के लिए जाना चाहिए–

(A) शॉपिंग मॉल

(B) मोहल्ले की दुकान

(C) थोक बाजार

(D) विदेशी बाजार

प्र–598. मानसी एक कंपनी में नौकरी करती है वह घर बैठे अपनी पसंद व जरूरत का सामान खरीद सकती है–

(A) शहर के शॉपिंग मॉल जाकर

(B) साप्ताहिक हार में जाकर

(C) गली में आए ठेले से

(D) ऑनलाईन शॉपिंग एप्स के माध्यम से

प्र–599. निम्न में से क्या कार के कारखाने में उपलब्ध होगा–

(A) खाद, उर्वरक, किसान, बीज

(B) इंजन, गियर्स, पेट्रोल, पहिए

(C) चाय, केटली, कप, शक्कर

(D) टेबल, अलमारी, स्टूल, स्टैण्ड

**अध्याय- 8 बाजार में कमीज**

प्र–600. कपास के पौधे से क्या उत्पादित होता है–

(A) तेल (B) रूई

(C) रेशम (D) मोम

प्र–601. कपास से धागा निकालते हैं–

(A) जिनिंग मिलें

(B) व्यापारी

(C) सूत कातने की मिलें

(D) किसान

प्र–602. कपास के पौधे के किस भाग में रुई भरी होती है–

(A) तने में (B) जड़ में

(C) डोडे में (D) पत्तों में

प्र–603. तमिलनाडु का कौन कपड़ा बाजार संसार के विशाल बाजारों में से एक है–

(A) कुरनूल का कपास बाजार

(B) इरोड का कपड़ा बाजार

(C) गाँधी नगर हॉलसेल बाजार

(D) चाँदनी चौक बाजार

प्र–604.व्यापारी कच्चा माल देकर तैयार माल प्राप्त करे यह किस व्यवस्था का एक उदाहरण है–

(A) आवास व्यवस्था (B) पगड़ी व्यवस्था

(C) व्यापार व्यवस्था (D) दादन व्यवस्था

प्र–605. रुई के गोलों से बीज अलग कहाँ किए जाते है–

(A) सूत काटने की मिल

(B) कपास मंडी

(C) जिनिंग मिल

(D) व्यापारी की दुकान पर

प्र–606. विदेशों में माल भेजना कहलाता है–

(A) आयात (B) निर्यात

(C) उत्पादन (D) उपभोग

प्र–607. आमदनी में से खर्चा घटाकर बची शेष राशि कहलाती है–

(A) मुनाफा (लाभ) (B) घाटा (हानि)

(C) ब्याज (D) लागत

प्र–608. 'पावरलूम' क्या कहलाता है–

(A) चरखा (B) सिलाई मशीन

(C) बिजली चलित करघा (D) कम्प्यूटर

प्र–609. सहकारी संस्था द्वारा विक्रय कार्य करने पर किसकी भूमिका समाप्त हो जाती है–

(A) बुनकरों की (B) किसानों की

(C) मजदूरों की (D) व्यापारी की

प्र–610. सरकार सहकारी संस्थाओं की सहायता कैसे करती है–

(A) प्रशिक्षण प्रदान करके

(B) उचित मूल्य पर वस्तुएं/ कपड़ा खरीदकर

(C) कम मूल्य पर उनसे वस्तुएं खरीदकर

(D) उन्हें कपड़ा बेचकर

**भूगोल**

प्र–611. निम्न में से कौन–सा पर्यावरण का प्राकृतिक घटक है–

(A) पार्क (B) पुल

(C) सड़क (D) वायु

प्र–612. निम्न में से कौन–सा समूह पर्यावरण का मानव निर्मित घटक नहीं है–

(A) जल, वायु (B) इमारतें, पार्क

(C) सड़क, पुल (D) उद्योग, स्मारक

प्र–613. पृथ्वी की ठोस पर्पटी (ऊपरी परत) को कहते हैं–

(A) जलमंडल

(B) मध्यमंडल

(C) स्थल मंडल

(D) इनमें से कोई नहीं

प्र–614. 'वस्तु–विनिमय पद्धति' का अर्थ है–

(A) वस्तुओं का निर्माण

(B) वस्तुओं को खरीदना

(C) वस्तुओं को बेचना

(D) वस्तुओं की अदला–बदली

प्र–615. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है–

(A) 5 जून (B) 21 जून

(C)21 मार्च (D) 22 मार्च

प्र–616. वायुमंडल में सबसे अधिक मात्रा में कौन–सी गैस पाई जाती है–

(A) ऑक्सीजन (B) नाइट्रोजन

(C) हाइड्रोजन (D) हीलियम

प्र–617. निम्न में से कौन–सा वायु प्रदूषण रोकने का उपाय है–

(A) मृत पशुओं को खुले स्थान पर फेंकना

(B) घरों का कूड़ा करकट घर के पास फेंकना

(C) घर के आसपास गंदा पानी एकत्र करना

(D) कारखानों की चिमनियों को ऊँचाई पर लगाना

प्र–618. निम्न में से कौन–सा मौसम की जानकारी संबंधी यंत्र नहीं है–

(A) लैक्टोमीटर (B) तापमापी

(C) वायुदाबमापी (D) वर्षामापी

प्र–619.निम्न में से कौन प्राकृतिक पर्यावरण का घटक है–

(A) स्मारक (B) वायु

(C) पार्क (D) इमारतें

प्र–620.निम्न में से कौन–सा प्रकृति द्वारा दिया उपहार नहीं है–

(।) नदियाँ (B) बॉध

(C) पहाड़ (D) मैदान

प्र–621. निम्नलिखित कथनों में से कौन से कथन सत्य है–

1. पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल अपने चारों ओर के वायुमंडल को थामे रखता है।
2. वायुमंडल सूर्य की हानिकारक किरणों से हमारी रक्षा करता है।
3. प्राकृतिक पर्यावरण का निर्माण मात्र जीव–जन्तुओं से मिलकर होता है।

(A) 1 और 2 (B) 1 और 3

(C) 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

प्र–622.पृथ्वी की सतह की सबसे ऊपरी परत को कहते हैं–

(A) क्रोड मैंटल (B) मैंटल

(C) पर्पटी (D) नीफे

प्र–623. महाद्वीपीय संहति का निर्माण मुख्यत: किन खनिजों से होता है–

(A) सिलिका एवं ऐलुमिना

(B) निकल एवं सिलिका

(C) मैग्नीशियम एवं लोहे

(D) ऐलुमिना एवं लोहे

प्र–624. निम्न में से कौन–सा कथन असत्य है–

(A) महाद्वीपीय संहति को सिएल भी कहा जाता है।

(B) आंतरिक क्रोड की त्रिज्या लगभग 100 किलोमीटर है।

(C) महासागर की पर्पटी मुख्यत: सिलिका एवं मैग्नीशियम की बनी है।

(D) आंतरिक क्रोड को नीफे कहते हैं।

प्र–625.पृथ्वी की त्रिज्या लगभग कितने कि.मी. है–

(A) 35 कि.मी. (B) 3500 कि.मी.

(C) 5 कि.मी. (D) 6371 कि.मी.

प्र–626. पृथ्वी की आंतरिक परत को कहा जाता है–

(A) पर्पटीं (B) क्रोड

(C) मेंटल (D) सिएल

प्र–627.पृथ्वी के कुल आयतन में किस परत का हिस्सा सबसे अधिक है–

(A) क्रोड (B) पर्पटी

(C) मैंटल (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्र–628. समुद्रीसतह पर पर्पटी की मोटाई लगभग होती है–

(A) 5 कि.मी. (B) 35 कि.मी.

(C) 2900 कि.मी. (D) 6371 कि.मी.

प्र–629.निम्न में से कौन–सा कथन सही नहीं है–

(A) क्रोड की त्रिज्या लगभग 3500 कि.मी होती है।

(B) महाद्वीपीय संहति मुख्य रूप से सिलिका एवं ऐलुमिना से बनी है।

(C) महासागर पर्पटी को नीफे कहते हैं।

(D) पृथ्वी की सबसे ऊपरी परत को पर्पटी कहते हैं।

प्र–630.एक शैल से दूसरे शैल में परिवर्तन होने की प्रक्रिया को कहा जाता है–

